गोपनीय

# मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्

विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्

M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY

ESTD 1981

## कार्यकारी समिति
## की
## 55 वीं बैठक

## कार्यवाही विवरण

तिथि: 22—09—2014 (सोमवार) समय: अपरांह 02.00 बजे

स्थान

कक्ष क्र. 543, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र. वि. एवं प्रौद्यो. परि., भोपाल

# कार्यकारी समिति की 55 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| स्थानः कक्ष क्र. 543, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल | तिथिः 22–09–2014 (सोमवार)<br>समयः दोपहर 02.00 बजे |

श्री भूपेन्द्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष, कार्यकारी समिति एवं माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, म. प्र. शासन की अध्यक्षता में, कार्यकारी समिति की 55 वीं बैठक, कक्ष क्र. 543, मंत्रालय, वल्लभ भवन में सम्पन्न हुई।

उपस्थिति निम्नानुसार थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय श्री भूपेन्द्र सिंह ठाकुर,<br>अध्यक्ष कार्यकारी समिति एवं मंत्री, म. प्र. शासन,<br>विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भोपाल | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शमीम उद्दीन (अतिरिक्त सचिव)<br>म. प्र. शासन, तकनीकी एवं कौशल विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल | सदस्य |
| 3. | श्री प्रदीप उपाध्याय (उप सचिव)<br>म. प्र. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल | सदस्य |
| 4. | श्री जी. एस. खैरवार (उप सचिव)<br>म. प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, भोपाल | सदस्य |
| 5. | डॉ. सुधा बैसा (विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी),<br>म. प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल | सदस्य |
| 6. | प्रो. प्रमोद के. वर्मा (महानिदेशक)<br>मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल | सदस्य |
| 7. | श्री अजित श्रीवास्तव (कार्यकारी संचालक)<br>मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल | सदस्य–सचिव |

Sd/-



डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि. एवं प्रौद्यो. परि., भोपाल

## कार्यसूची क्रमांक – 01

**विषयः** कार्यकारी समिति की 54 वीं बैठक (दिनांक 05–08–2013) में पारित निर्णयों का पालन प्रतिवेदन एवं कार्य विवरण की पुष्टि।

**SP-2:** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस– 2013 के आयोजन हेतु कार्यकारी समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई तदानुसार–मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा 21 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन दिनांक 27 से 31 दिसम्बर 2013 तक किया गया। कांग्रेस में कुल 643 प्रोजेक्ट विभिन्न प्रदेशों से एवं 07 केन्द्र शासित प्रदेशों से, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय और 04 प्रोजेक्ट यू ए ई और 3 प्रोजेक्ट एशियन देशों से प्राप्त हुए एवं प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कुल 664 बाल वैज्ञानिक उपस्थित थे, इस वर्ष की थीम ऊर्जाः संभावनाए, उत्पादन और संरक्षण थी, कांग्रेस में 15 भाषाओं में प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण किया गया।

**निर्णयः** (अ). पालन प्रतिवेदन ग्राहय किया गया।
(ब). कार्य विवरण की पुष्टि की गई।

## कार्यसूची क्रमांक – 02

**विषयः** परिषद् की कार्य योजना, बजट (वर्ष 2014–15) एवं प्राप्तियॉ एवं भुगतान (वर्ष 2013–14) के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णयः** परिषद् की कार्य योजना, बजट (वर्ष 2014–15) एवं प्राप्तियॉ एवं भुगतान (वर्ष 2013–14) का अनुमोदन किया गया।

## कार्यसूची क्रमांक – 03

**विषयः** नवीन सेवा–भर्ती नियमों के प्रभावशील होने तथा तदनुसार नवीन पदों पर भर्ती हेतु प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने का अनुसमर्थन।

**टीपः** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन की अनुमति (पत्र क्र. एफ 2–5/2013/विएवंप्रौ/41 दिनांक 04–10–2013) के परिपालन में परिषद् का नवीन सेटअप एवं नवीन सेवा भर्ती नियम दिनांक 01–04–2013 से प्रभावशील किए गए तदोपरांत माननीय अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद् एवं माननीय मंत्री, म. प्र. शासन, वि. एवं प्रौ. विभाग की स्वीकृति अनुसार, नवीन सेवा भर्ती नियमों के अनुसार रिक्त पदों पर भर्ती, प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

**प्रस्तावः** माननीय अध्यक्ष कार्यकारी समिति, म. प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं माननीय मंत्री, म. प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसमर्थन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णयः** माननीय अध्यक्ष के अनुमोदन का अनुसमर्थन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि भर्ती प्रक्रिया शीध्र पूर्ण की जाए।



डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौ.परि. भोपाल

## कार्यसूची क्रमांक – 04

**विषयः** आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (E.O.W.) के पत्र पर विचार।

**टीपः** महानिरीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, ई. ओ. डब्ल्यू., मध्यप्रदेश, भोपाल के पत्र क्र. अपराध/भोपाल/अप.–24(11)/478–बी/2014 दिनांक 26–04–14 द्वारा अपराध क्र. 24/2011 की आरोपी डॉ. आभास्वरूप, तत्कालीन निदेशक, मुद्रण एवं वितरण विभाग, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति चाही गई है। डॉ. आभास्वरूप परिषद् में संयुक्त संचालक के पद पर कार्यरत् है। उनकी सेवाएं दिनांक 01–06–2008 से 30–09–2013 तक प्रतिनियुक्ति पर भोज मुक्त विश्वविद्यालय को सौपीं गई थी। प्रकरण डॉ. आभास्वरूप के प्रतिनियुक्ति पर भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कर्तव्यस्थ रहने के दौरान का है। वर्तमान में प्रतिनियुक्ति समाप्ति के पश्चात् डॉ. आभा स्वरूप परिषद् में संयुक्त संचालक (श्रेणी–I) के पद पर कार्यरत् है। परिषद् में श्रेणी–I अधिकारियों के नियोक्ता कार्यकारी परिषद् होती है। अतः कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**प्रस्तावः** महानिरीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, ई. ओ. डब्ल्यू., मध्यप्रदेश, भोपाल के पत्र क्र अपराध/भोपाल/अप.–24(11)/478–बी/2014 दिनांक 26–04–14 द्वारा चाही गई अभियोजन की अनुमति पर विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः** अभियोजन की स्वीकृति आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (E.O.W.) को प्रदान की जाए।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

1. माननीय अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि मिट्टी के विभिन्न प्रकार के परीक्षणों (Soil Testing) हेतु परिषद् द्वारा चलित प्रयोगशाला निर्मित करने की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।
2. खुरई (जिला–सागर) में आगामी माह में आयोजित किए जाने वाले विज्ञान मेले की तैयारियों की जानकारी लेकर माननीय अध्यक्ष महोदय ने निर्देशित किया कि क्षेत्र के विद्यालयों के चयनित मेघावी विद्यार्थियों को विज्ञान शिक्षण में उपयोगी साइंस किट प्रदान किए जाएं। यह भी निर्देशित किया कि विज्ञान मेले में कुछ नवीन गतिविधियों का समावेश किया जाए, ताकि मेले को रोचक, लोकप्रिय तथा अधिक उपयोगी बताया जा सके।
3. परिषद् की कार्य योजना में प्रस्तावित नवीन योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं जाए।
4. निर्माण/वैज्ञानिक उपकरणों के क्रय विषयक प्रस्ताव कार्यकारी समिति के समक्ष अनुमति हेतु प्रस्तुत किए जाए।

| | | |
|---|---|---|
| (भूपेन्द्र सिंह)<br>अध्यक्ष<br>म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद् एवं<br>माननीय मंत्री, म. प्र. शासन,<br>वि. एवं प्रौ. विभाग | (प्रो. प्रमोद के. वर्मा)<br>संयोजक<br>महानिदेशक,<br>म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद् | (अजित श्रीवास्तव)<br>सदस्य सचिव<br>कार्यकारी संचालक<br>म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद् |



डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल